तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



11 माता कर्मा की प्रेरणा, समाज सुधार का संकल्प और प्रतिभाओं का सम्मान





12 शतरंज में सालिक नवाज प्रथम रहे, मिला 11 हजार नगद इनाम




## खबर संक्षेप

### बस्तर ओपन शतरंज टूनार्मेंट होगा 26 को

**जगदलपुर।** ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में 26 अप्रैल को किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 4 केटेगरी रखी गई है। अंडर 11, 15, 19 और ओपन। शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता निशुल्क है। ओपन वर्ग में प्रथम 5 स्थान के विजेताओं के साथ श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को नकद पुरस्कार और अन्य सभी वर्गों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को ट्राफी के साथ नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विशेष पुरस्कार की श्रेणी में एक बेस्ट वेटरन खिलाड़ी और एक बेस्ट दिव्यांग खिलाड़ी को नकद ईनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल इनाम 50 हजार है। टूनार्मेंट में भाग लेने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित है। यह जानकारी शशांक शेंडे ने दी है।

### एकमुश्त टैक्स पटाने पर 6.25 प्रतिशत की छूट

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम ने संपत्ति कर के एकमुश्त भुगतान पर विशेष छूट की घोषणा की है। संपत्ति कर दाताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अपने कर का भुगतान कर इस छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। घोषणा के अनुसार 1 अप्रैल से 31 मई तक संपत्ति कर के एकमुश्त भुगतान पर 6.25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से समय पर कर जमा कर नगर विकास में सहभागिता निभाने की भी अपील की है।

### 21 दिवसीय योग शिविर का आगाज होगा आज

**जगदलपुर।** वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर वन मंडल और पतंजलि योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में फिट बस्तर-हिट बस्तर अभियान के अंतर्गत 21 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ तन और शांत मन के मूल मंत्र को समर्पित यह विशेष आयोजन 21 अप्रैल से शहर के जनजातीय गौरव वाटिका में प्रारंभ होने जा रहा है। अगले 21 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक योगाभ्यास की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

### पंचायत उपचुनाव के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में पंचायत पदाधिकारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आदेश जारी कर निर्वाचन अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। आदेश के अनुसार जिले के जगदलपुर, बस्तर, बकावंड, लोहंडीगुड़ा, तोकापाल और दरभा जैसे इलाकों के तहसीलदारों को पंचायत उप निर्वाचन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। इनके साथ ही संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में जिम्मेदारी दी गई है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सतर्कता से टला बाल विवाह

**बीजापुर।** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बढ़ते प्रचार-प्रसार का सकारात्मक असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में जिला बीजापुर के भैरमगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पिनकोंडा में संभावित बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया। ग्राम पिनकोंडा, थाना मिरतुर क्षेत्र की 17 वर्ष 4 माह 28 दिन की एक बालिका के विवाह की तैयारियां चल रही थीं। जैसे ही इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को मिली, महिला एवं बाल विकास विभाग, भैरमगढ़ के सेक्टर पर्यवेक्षक, पुलिस थाना मिरतुर और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# आंधी-बारिश से दंतेवाड़ा जिले में भारी तबाही, कई घरों की छत उड़ीं

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया प्रभावित गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

रविवार रात अचानक बदले मौसम ने दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा और कटेकल्याण इलाकों में जमकर कहर बरपाया। तेज आंधी, तूफान और बारिश के चलते कई गांवों में व्यापक नुकसान हुआ है। विशेष रूप से कुआकोंडा ब्लॉक के मैलेवाड़ा, श्यामगिरी, टिकनपाल और फूलपाड़ गांवों के साथ-साथ कटेकल्याण क्षेत्र के सुरनार गांव में स्थिति बेहद गंभीर रही, जहां तेज हवाओं ने कई घरों की छतें उड़ा दीं। इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने रहने की समस्या खड़ी हो गई है। तेज हवाओं के कारण जगह-जगह पेड़ गिर गए, वहीं विद्युत तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कटेकल्याण क्षेत्र के सुरनार गांव में सबसे अधिक तबाही देखने को मिली। यहां 9 घरों को क्षति पहुंची है। प्रभावित ग्रामीणों में क्रिस मंडावी, पोज्जा, देवा, जितेन्द्र, लालू, बावन, हिड़मा, बुध्धु और सन्नू के मकान शामिल हैं, जिनकी छतें तेज तूफान में उड़ गईं। इसके अलावा एक अन्य ग्रामीण बंडी कवासी के मवेशी पर पेड़ गिरने की घटना भी सामने आई है, जिससे उसे भी नुकसान हुआ है। वहीं कुआकोंडा ब्लॉक के मैलेवाड़ा के पदरपारा, माहरापारा और पुजारीपारा, श्यामगिरी में 2 घरों तथा टिकनपाल में 5 घरों को नुकसान पहुंचने की जानकारी मिली है। इस आपदा ने ग्रामीण क्षेत्रों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुड़ामी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### तेज गर्मी के बाद बारिश

गौरतलब है कि लगातार भीषण गर्मी के बाद अचानक आए इस आंधी-तूफान ने हालात बिगाड़ दिए। तापमान में गिरावट के साथ तेज हवाओं और बारिश ने ग्रामीण इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया है।

## एरिया डॉमिनेशन एवं डी-माइनिंग के दौरान संयुक्त टीम ने किया जब्त

# अन्नापुर के जंगल में माओवादियों का डंप किया विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों से मुक्त होने के बाद बस्तर के अलग इलाकों से बड़ी संख्या में नक्सलियों द्वारा पूर्व में डंप किया गया विस्फोटक बरामद किया जा रहा है। सुरक्षाबलों ने एरिया डॉमिनेशन एवं डी-माईनिंग के दौरान बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र से भी भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।

फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में डीआरजी एवं बीडीएस की संयुक्त टीम द्वारा पील्लूर अन्नाराम की ओर एरिया डॉमिनेशन एवं डी-माइनिंग कार्रवाई की जा रही थी। अभियान के दौरान मिले विश्वसनीय सूचना के आधार पर अन्नापुर के जंगल में माओवादियों द्वारा पूर्व से छिपाकर रखा गया विस्फोटक सामग्री सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया। उक्त विस्फोटक सामग्री को माओवादियों द्वारा पानी की टंकी में जमीन के अंदर छुपाकर रखा गया था। टीम द्वारा मौके से 50 किलो गंधक, दो बोरी में रखा 100 किलो यूरिया, 10 किग्लो गन पाउडर समेत अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। संयुक्त टीम द्वारा सतर्कता एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बरामद विस्फोटक सामग्री को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में लगातार सर्चिंग, एरिया डॉमिनेशन एवं डी-माईनिंग कार्यवाही जारी है जिससे क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।



### विस्फोटकों को किया निष्क्रिय

बीजापुर एसपी ने जनता से अपील है की जंगल या कही भी इस प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु दिखने पर इसकी जानकारी तत्काल नजदीकी थाना या कैम्प में दी जाए। जिससे होने वाली दुर्घटनाओं से जनता को बचाया जा सके। मिले आईईडी व विस्फोटकों को बरामद कर निष्क्रिय किया जा सके।

# दिव्य ज्योतिर्लिंग का किया बस्तरवासियों ने दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दिव्य चुंबकीय गुणों से उर्जित ज्योतिर्लिंग आज शहर पहुंचा। आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े लोगों ने बाल विहार विद्यालय में लोगों के लिए दिव्य दर्शन की व्यवस्था की थी। शाम को वेद विज्ञान महा विद्यापीठ बेंगलुरू के वैदिक पंडितों एवं स्वामी लेकर पहुंचे। आंध्र समाज के लोगों ने समाज भवन में पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।

■ वैदिक पंडित और स्वामी लेकर पहुंचे शहर

आचार्य पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संकल्प लिया गया। इस दौरान जजमान के रूप में सैंकड़ों श्रद्धालु सम्मलित हुए। दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा समेत श्रीश्री रविशंकर के शिष्य एवं अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतबल है कि सोमनाथ के दिव्य शिवलिंग जो किवदंतियों के अनुसार हवा में तैरता रहता था। 1000 वर्ष बाद दक्षिण भारतीय ब्राम्हणों से प्राप्त कर इस शिवलिंग को देशवासियों के दर्शन के लिए निकाला गया है। सम्पूर्ण भारतवर्ष की यात्रा के बाद गुजरात के सोमनाथ में किए जाने की योजना है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरूदेव श्री श्री रविशंकर को सोमनाथ मंदिर के पूर्वजों के वंशज ने यह दिव्य शिवलिंग सौंपा है।



# छिंदनार में सचिन तेंदुलकर के लिए तैयार हो रहा मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा दौरे पर महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का दौरा बेहद खास रहने वाला है। जहां क्रिकेट की दुनिया में भगवान माने जाने वाले सचिन अपने परिवार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छिंदनार गांव 22 अप्रैल को पहुंचने वाले हैं। कभी नक्सलवाद की छाया में रहा दंतेवाड़ा अब खेल और विकास की नई पहचान गढ़ने जा रहा है। छिंदनार इंद्रावती नदी के किनारे बसा एक खूबसूरत आदिवासी गांव है । जो पूरी तरह सज चुका है। लोगों में उत्साह, उम्मीद और युवाओं में भविष्य के सुनहरे सपने दिख रहे हैं। तैयार हुआ है एक मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड, जिसे सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मानदेशी चैम्पियन संस्था के सहयोग से विकसित किया गया है। खास बात ये कि एक ही मैदान में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट और एक्सरसाइज जोन समेत 16 खेल सुविधाएं तैयार की गई हैं। जो बच्चों के भविष्य को नई दिशा देंगी।



**जावंगा एजुकेशन सिटी में छात्रों से सीधा संवाद :** मिली जानकारी के अनुसार सचिन तेंदुलकर इस भव्य खेल मैदान का उद्घाटन करेंगे। वे बच्चों के साथ वक्त बिताएंगे और पूरे परिसर का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद गीदम के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पंचायतों के छोटे कार्यों के लिए राशि उपलब्ध हो



**जगदलपुर।** जनपद सदस्य दरभा मुन्ना कश्यप तथा आदिवासी नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि जनपद निधि एवं 16वीं वित्त आयोग की राशि का उपयोग केवल निर्माण कार्यों तक सीमित न रखकर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। ताकि आम जनता को सीधा लाभ मिल सके। मुख्य मांगों में पंचायतों में छोटे-निर्माण कार्य चबूतरा, सीसी रोड, फिसल पट्टी, ओपन जिम एवं खेल सुविधाओं का निर्माण, डस्टबिन एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड, पंचायतों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, सार्वजनिक कार्यों हेतु शेड निर्माण शामिल है। कलेक्टर आकाश चिकारा ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। **ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जनपद सदस्य कंचन कश्यप, दिव्या पोयम, बलिराम बघेल, सरपंच सकाराम, गुड़िया कश्यप, शंकर यादव, श्रीराम यादव, संदीप मांडवी, मानूराम नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण को लेकर भाजपा देशभर में भ्रम फैला रही : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में पत्रकारवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा देशभर में भ्रम फैला रही है। जबकि सच्चाई यह है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है । जिसे राष्ट्रपति की स्वीकृति भी मिल चुकी है। 16 अप्रैल को प्रस्तुत 131वां संविधान संशोधन विधेयक का महिला आरक्षण से संबंध नहीं था । बल्कि इसके माध्यम से परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेशों के कानूनों में बदलाव का रास्ता तैयार किया जा रहा था। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर सीटों के परिसीमन का एजेंडा आगे बढ़ाना चाहती है। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि जब नई जनगणना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जातीय जनगणना की भी बात हो रही है तो 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन क्यों किया जा रहा है। साथ ही यह भी पूछा गया कि यदि सरकार की मंशा स्पष्ट है तो वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तत्काल क्यों नहीं लागू किया जा रहा।





### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, वीरेंद्र परिहार, संकल्प दुबे, रविशंकर तिवारी, अभिषेक नायडू, नीतीश शर्मा, अनुराग महतो, अवधेश झा,सुनीता सिंह, सूयार्पनी, एस नीला, पार्षद जस्टिस भवानी, मोहसिन खान सहित अन्य सम्मिलित रहे।

## बीपी, डायबिटीज, हड्डी रोग और नेत्र विकारों के लिए लगा विशेष शिविर

# शिविर में शहरी क्षेत्र से 202 मरीजों की हुई जांच और उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम रोड में शनिवार को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के वार्डों के 202 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे मरीजों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बीपी, डायबिटीज, हड्डी रोग और नेत्र विकारों जैसी बीमारियों के लिए विशेष स्क्रीनिंग और परीक्षण की व्यवस्था की गई थी।

शिविर में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई, जहां मितानिनों द्वारा चिन्हित 53 संकास्पद लोगों का पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से तुरंत एक्सरे कर उनकी स्थिति का आकलन किया गया। इसके साथ ही नेत्र सहायक अधिकारी रायमन बघेल और उनकी टीम द्वारा 48 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान मोतियाबिंद के लक्षण वाले 8 शंकास्पद मरीजों की पहचान कर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर करने की व्यवस्था की गई ।

56 लोगों की ओरल स्क्रीनिंग की गई और 64 लोगों के विभिन्न लैब टेस्ट किए गए। शिविर में प्रबंधक पीडी बस्तिया सहित शहरी मितानिनों और टीम का विशेष योगदान रहा।

**इन डाक्टरों की रही मौजूदगी :** इस दौरान मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एवन ध्रुव, डॉ. मौमिता बसाक, डॉ. पूर्णिमा गजभिए, डॉ. विजया टंडन और डॉ. रेखा चौहान की टीम ने प्रमुख भूमिका निभाई। जांच और परीक्षण के इस कार्य में दिव्या पांडे, गरिमा मरई और कुशनू राम का विशेष सहयोग रहा।





# भाजपा का आईटी सेल गायब, महिलाओं को थाना का चक्कर लगवा रहे : लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा महिला मोर्चा की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किए गए पोस्ट को लेकर उन्होंने कार्रवाई की मांग की है जो आधारहीन व तथ्यहीन है । श्री मौर्य की छवि को धूमिल करने का प्रयास शर्मनाक है ।



उन्होंने कहा पोस्ट पर किसी भी महिला का नाम नहीं है जबकि यह पोस्ट बिल को लेकर किया गया है । डार्लिंग शब्द पर आपत्ति कर रही है, शायद उन्हें इसका अर्थ ही नहीं मालूम है। डार्लिंग शब्द स्नेह, प्रेम और आत्मीयता दर्शाने वाला एक संबोधन शब्द है। जिसे महिला या पुरुष दोनों के लिए उपयोग किया जा सकता है। लता निषाद ने कहा भाजपा आईटी सेल लुप्त हो गई है जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किए गए पोस्ट को लेकर महिला मोर्चा को थानों के चक्कर लगवा रहे है। उन्होंने कहा महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन निराधार है। कांग्रेस पार्टी कल भी आरक्षण के समर्थन में थी और आज भी है। कांग्रेस का मुख्य विरोध बिल को परिसीमन और जनगणना से जोड़ने को लेकर है। कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि उसके साथ जुड़ी शर्तों परिसीमन के खिलाफ हैं । भाजपा सरकार 2023 में पारित मूल बिल को लागू करने के बजाय परिसीमन के बहाने इसे टालना चाहती है ।

## खबर संक्षेप

### कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन लिए जाएंगे 30 तक

**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण के तहत शटरिंग कारपेंटर, टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, सोलर पैनल टेक्नीशियन, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन एवं ट्रैक्टर मैकेनिक जैसे कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों के लिए 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के इच्छुक युवक-युवतियाँ आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, खुटडोबरा रोड, डोगरी पारा पर्यावरण वाटिका के पास स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### पंचायती राज दिवस पर 24 को होगी विशेष ग्रामसभाएं

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं। ग्रामसभाओं के लिए पूर्व समय-सारिणी तैयार कर मुनादी एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संदेश का प्रसारण, ग्राम संपदा ऐप में परिसंपत्तियों की जानकारी एवं कर वसूली संबंधी जानकारी दी जाएगी। ग्राम स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों, खिलाड़ियों एवं अन्य प्रतिभाओं के साथ स्व-सहायता समूह की लखपति दीदियों को सम्मानित किया जाएगा। ग्राम सभाओं में बस्तर मुन्ने अभियान सहित विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने, सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण एवं आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लिया जाएगा। जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

### तलाश अभियान के जरिए सकुशल परिजनों को सौंपा गया बालक

**कोण्डागांव।** जिले की विश्रामपुरी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन मुस्कान एवं तलाश अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुए 14 वर्षीय बालक को महज 24 घंटे के भीतर खोज निकालते हुए सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रावनगुड़ा निवासी 14 वर्षीय बालक 15 अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया था। इस संबंध में परिजनों द्वारा थाना विश्रामपुरी में सूचना दी गई। पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 11.2026 दिनांक 16 अप्रैल 2026 को दर्ज किया। बालक के नाबालिग होने के कारण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपराध क्रमांक 28/2026 धारा 137(2) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाली के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू की गई।

## पेज 09 के शेष

### आंधी-बारिश से दंतेवाड़ा...

को तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जोरशोर से कार्य करते हुए जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल की जाए। साथ ही नुकसान का त्वरित सर्वे कर सभी प्रभावित परिवारों के प्रकरण तैयार कर उन्हें शासन के नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

### छिंदनार में सचिन...

पास पनेड़ा ग्राउंड का लोकार्पण और फिर जावंगा एजुकेशन सिटी के ऑडिटोरियम में छात्रों से सीधा संवाद करेंगे। इस पूरे दौरे को सिर्फ एक कार्यक्रम नही बल्कि दंतेवाड़ा के भविष्य की नई शुरूआत माना जा रहा है। जहां बंदूकों की गूंज थी वहां अब बल्ले और खेल के मैदान की आवाज गूंजेगी। दंतेवाड़ा अब बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है और खेल के मैदान से लिखी जा रही है नई कहानी।

# ग्रामीणों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा कराएं उपलब्ध: विधायक उसेंडी

## माकड़ी में जीवन दीप समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी की अध्यक्षता में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सोलर सिस्टम में सुधार करने तथा अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। विधायक ने स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके मानदेय में वृद्धि के संबंध में भी निर्देश दिए, ताकि सेवाएं और अधिक प्रभावी बन सकें।



### आय-व्यय की समीक्षा, नए प्रस्तावों को मंजूरी

बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, साथ ही चालू वर्ष के लिए विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल एवं श्रीमती भगवती नेताम सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, समिति के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन लाख के 22 मोबाइल को ट्रेक करके खोजा

# लाखों के गुम मोबाइल पुलिस ने मालिकों को लौटाए, खिले चेहरे के साथ कहा- 'धन्यवाद'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने एक बार फिर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुम हुए लाखों रुपये के मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन में साइबर सेल की टीम ने विशेष अभियान चलाकर यह सफलता हासिल की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक साइबर नरेंद्र पुजारी के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने लगातार प्रयास करते हुए हाल ही में 22 गुम मोबाइल बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई गई है। बरामद मोबाइलों में आईफोन, वनप्लस, सैमसंग, वीवो और रेडमी जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित ओडिशा से भी ट्रेस किया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी और पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। कोंडागांव साइबर सेल की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 1800 से अधिक गुम मोबाइल खोजकर उनके मालिकों तक पहुंचाए जा चुके हैं। बरामद मोबाइलों का कुल बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये आंका गया है।



### उपयोग के पहले कर लें फार्मेट: पुलिस

मोबाइल लौटाते समय पुलिस ने नागरिकों को मोबाइल सुरक्षित रखने की सलाह दी और उपयोग से पहले उसे फॉर्मेट करने को कहा। साथ ही एसपी श्रीश्रीमाल ने अपील की कि किसी को भी यदि अन्य का मोबाइल मिले तो उसे नजदीकी थाने में जमा करें तथा बिना बिल के मोबाइल खरीदने से बचें।

### साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए जागरूकता संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और नजदीकी थाने को सूचित करें।

### डा. आंबेडकर का जीवन वंचितों के उत्थान के लिए था समर्पित



**कोण्डागांव।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑक्शन हॉल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निवास राव मद्दी ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए आजीवन कार्य किया। भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश को लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण व्यवस्था प्रदान की। भाजपा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। संगोष्ठी में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं एम.डी. बघेल ने भी बाबा साहब के सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

**श्रद्धांजलि अर्पित कर लिया संकल्प** – कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ]

# श्री सीता राम मानस संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बने लोकेश

**केशकाल।** श्री सीता राम मानस संगठन की लगभग एक घंटे लगातार चली बैठक में सर्व सम्मति से कन्या शिक्षा परिसर पीपरा के व्याख्याता लोकेश गायकवाड़ को प्रदेशाध्यक्ष सर्व सम्मति से चुन लिया गया गया है। इनके अलावा महाकाल के मंदिर में अन्य पदाधिकारी संरक्षक भागवताचार्य नारायण वैष्णव जजगीरी, भगवताचार्य विजया नंद शास्त्री वृंदावन, रमेश साहू पलना प्रदेश महामंत्री-जितेंद्र सिंहा ,फरसगांव, प्रदेश सलाहकार-योगेश्वर साहू फरसगांव, उपाध्यक्ष- चंदन नाइक फरसगांव, महासचिव सुरेन्द्र जैन फरसगांव होंगे। महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका साहू धमतरी व सचिव श्रीमती आरती गुप्ता भनपुरी, फरसागुड़ी आदि सर्व सम्मति से बने हैं। इसके अलावा बस्तर जिलाध्यक्ष शकुंतला कश्यप जिला सदस्य जिला पंचायत बस्तर, फरसगांव विकासखंड अध्यक्ष गंगाराम सेन,बस्तर विकासखंड अध्यक्ष कन्हैया लाल मंडावी को भी सर्व सम्मति से बनाया गया है। इस मौके पर स्थानीय मानस मंडलियों के संचालक व दंतेश्वरी मानस समिति जिला कोंडागांव,सेवा शरम आश्रम चपका के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**गांवस्तर पर मानस भवन की स्थापना का प्रयास होगा: गायकवाड़ :** नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में और बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को रोकने के लिए इस नये संगठन का प्रदेश स्तर पर गठन किया गया है। इसके माध्यम से गांव स्तर पर मानस भवन, तुलसी दास जी की मूर्ति की स्थापना, व तुलसी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कराया जाना का मुख्य लक्ष्य होगा।



### गुम युवती को केशकाल से सकुशल लाकर परिजनों को सौंपा

**कोण्डागांव।** जिले में गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के तहत अनंतपुर थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने गुम युवती को खोजकर सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना अनंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी साली की बेटी 11 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 4 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। मामले में गुम इंसान क्रमांक 05/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में टीम लगातार युवती की तलाश में जुटी रही। अंततः 20 अप्रैल 2026 को युवती को ग्राम कोहकामेटा, थाना केशकाल क्षेत्र से बरामद कर गवाहों के समक्ष दस्तयाब किया गया और सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।

**पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक छबीलाल कोर्राम, भूपेन्द्र मरकाम एवं महिला आरक्षक सुगन्तीन पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बीजापुर के कुटरु इलाके में जंगली जानवरों के हमले से दो ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलमुक्त होने के बाद बस्तर के जंगलों में अब जंगली जानवरों व नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी का खतरा बढ़ने लगा है। रविवार को जंगल में महुआ बीनने गए दो ग्रामीण जंगली जानवरों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमला करने वाले जंगली जानवर तेंदुआ था या भालू यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के कुटरू क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों जंगली जानवरों की गतिविधियां काफी बढ़ गईं हैं। रविवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग गांवों के ग्रामीणों पर हुए जंगली जानवरों के हमलों ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण महुआ बीनने जंगल गए थे। इन हमलों ने जहां वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को सामने लाया है वहीं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था की पोल भी खोल दी है। जंगली जानवरों के हमले का पहला मामला ग्राम पंचायत पेटा के इदवाड़ा का है। इदवाड़ा निवासी लक्ष्मण वेको सुबह रोज की तरह महुआ बीनने जंगल गया था। इसी दौरान जंगल में एक पेड़ के नीचे बैठे जंगली जानवर ने अचानक लक्ष्मण पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। इस घटना के कुछ ही देर बात दूसरा हमला जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम डोडूम निवासी शंकर पोयम पर हुआ। वह भी जंगल में महुआ बीनने गया था। उस पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। लगातार दो घटनाओं ने क्षेत्र में भय के माहौल को और गहरा कर दिया है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में एंबुलेंस मौजूद होने के बावजूद मदद नहीं मिली। जिससे घायलों की हालत और बिगड़ गई। ग्रामीणों ने निजी साधनों से दोनों गंभीर घायलों को कुटरू अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। समय पर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया नहीं होने पर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि भैरमगढ़ सामान्य वन परिक्षेत्र से लगे इस क्षेत्र में वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। लेकिन वन विभाग द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। वन्य जीवों के हमले ग्रामीणों में दहशत फैल गईं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन्यजीवों को जल्द सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।



### इलाज जारी

वन्य प्राणियों के हमले से दो ग्रामीण घायल हुए हैं उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में तेंदुए के हमले की पुष्टि नहीं हो पाई है। आशंका भालू के हमले की भी जताई जा रही है। टीम को मौके पर भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
संदीप बलगा
उप निदेशक, इंद्रावती नेशनल पार्क।

## गुण्डाधुर कॉलेज का जल परीक्षण लैब से हुआ एमओयू

# अब छात्र करेंगे असली लैब में काम, फ्री में सैंपल टेस्ट और मिलेगा रिसर्च का प्लेटफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने शिक्षा को व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से अब महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सीधे सरकारी लैब में कार्य करने, सीखने और शोध करने का अवसर मिलेगा। इस अनुबंध पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम एवं जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला के कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र पांडेय ने हस्ताक्षर किए। गवाह के रूप में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. देवाशीष हालदार तथा जिला समन्वयक मिथिलेश कुमार साहू ने भी हस्ताक्षर कर इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया।

इस एमओयू के तहत विद्यार्थियों को अब सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वे सीधे प्रयोगशाला में काम करेंगे। छात्र खुद सैंपल लेकर उसका परीक्षण करेंगे। आधुनिक उपकरणों पर काम करने का मौका, लैब के एडवांस इंस्ट्रूमेंट्स का सीधा अनुभव, फ्री सैंपल टेस्टिंग सुविधा, प्रोजेक्ट और रिसर्च के लिए बिना शुल्क परीक्षण यूजी, पीजी और पीएचडी छात्रों के लिए रिसर्च सपोर्ट डिसर्टेशन और थीसिस में सीधी मदद इंटर्नशिप और फील्ड एक्सपोजर वास्तविक कार्य-परिस्थितियों में सीखने का अवसर डेटा एनालिसिस और रिपोर्ट राइटिंग स्किल प्रोफेशनल रिपोर्ट तैयार करना सीखेंगे। महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. नसीर अहमद ने बताया कि महाविद्यालय लगातार विभिन्न संस्थानों से एमओयू कर रहा है, जिससे छात्रों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा अब विद्यार्थी सिर्फ थ्योरी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि खुद प्रयोग करेंगे, डेटा समझेंगे और प्रोफेशनल स्किल्स विकसित करेंगे। यह उनके करियर के लिए गेम-चेंजर साबित होगा।



### शिक्षा और तकनीक का मजबूत कनेक्शन

यह एमओयू शिक्षा और सरकारी तकनीकी संस्थान के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। इससे न केवल विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि वे भविष्य में रोजगार और शोध के क्षेत्र में भी अधिक सक्षम बन सकेंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल उन्नयन और क्षेत्र में वैज्ञानिक जागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है।

# मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान कलेक्टर ने कराई स्वास्थ्य जांच



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान के तहत अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं और निःशुल्क सेवाओं का लाभ लें। अभियान के तहत प्रत्येक परिवार के सदस्यों की स्क्रीनिंग कर उनका डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल बनाया जा रहा है। इस पहल में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल, एनीमिया, कैंसर, टीबी, मलेरिया और कुष्ठ सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जा रही है। जांच के बाद जरूरत के अनुसार मरीजों को उचित उपचार एवं रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। अभियान का उद्देश्य घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर स्वस्थ बस्तर का निर्माण करना है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को आय अर्जन के उपायों की दी गई जानकारी



**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत तोयर में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत नवा तरिया आय के जरिया नवीन सामुदायिक तालाब निर्माण की स्वीकृति के पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, महिलाओं और ग्रामीणों को नवा तरिया के माध्यम से आय अर्जन के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, समूह की दीदियों एवं ग्राम वासियों द्वारा भूमिपूजन और तकनीकी सहायक मनरेगा एवं परियोजना की टीम के सहयोग से तरिया का ले आउट किया गया। वहां सभी उपस्थित लोगों को समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से मछली पालन, बत्तख पालन, तरिया के मेड पर सब्जी उत्पादन तथा फलदार वृक्षारोपण कर आय में वृद्धि करने तथा सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के बारे में चर्चा किया गया। जिन मजदूरो के पास जॉब कार्ड नहीं है उन्हें नया जॉब कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, जॉब कार्ड में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, वर्तमान मजजूरी दर, गोदी का माप, मजदूरों की हाजिरी की प्रकिया को समझाया गया।

### योग आयोग अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा





**बीजापुर।** योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बीजापुर जिले में दो दिवसीय दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। दौरे के दौरान अध्यक्ष सिन्हा ने आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास किया और नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अपने कार्यक्रम के तहत उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम का भी दौरा किया। जहां छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि योग को दिनचर्या में शामिल कर वे स्वस्थ और आत्मविश्वासी बन सकती हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जिले के लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। स्थानीय प्रशासन एवं संस्थानों द्वारा भी इस कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

# माता कर्मा की प्रेरणा, समाज सुधार का संकल्प और प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज : बचेली/दंतेवाड़ा।

## साहू समाज का स्नेह मिलन समारोह






तहसील साहू समाज बचेली द्वारा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ कुमार मिश्रा पर्सनल विभाग उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में के. बनसोड़, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्ण राव तथा विशेष सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त सचिव बीना साहू एवं जिला अध्यक्ष नेहरू साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने नृत्य, भाषण एवं माता कर्मा की जीवनी पर प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। बच्चों के विचार और संदेशों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया और सभी ने भावुक होकर उनकी सराहना की। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष नेहरू साहू, तहसील अध्यक्ष देवेंद्र साहू एवं सचिव प्रेमलाल कलिहारी ने माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। विशेष अतिथि बीना साहू ने समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया, जिसमें धर्मांतरण से समाज की सुरक्षा, सामाजिक आदर्श विवाह को बढ़ावा, प्री-वेडिंग शूट पर नियंत्रण, गरीब बच्चों के लिए मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा पारंपरिक तेल घानी से बने तेल के उपयोग और व्यापार को बढ़ावा देना शामिल रहा।

कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के विशिष्ट सदस्यों का सम्मान भी किया गया यह आयोजन न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक बना, बल्कि आने वाली पीढ़ी को संस्कार और समाज सेवा की दिशा में प्रेरित करने वाला भी साबित हुआ

**सियासत :** करपावंड पंचायत में विकास की नई इबारत

# विधायक ने दी निर्माण कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/ घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करपावंड में विकास की नई पहचान स्थापित हुई, जब बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्रामवासियों को बहुप्रतीक्षित सौगातें प्रदान करते हुए विभिन्न भवनों का लोकार्पण किया। करपावंड पहुंचकर आदिवासी भतरा समाज भवन, सामुदायिक भवन, देवांगन समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन एवं विश्वकर्मा गुड़ी का

■ सामुदायिक, भतरा समाज, देवांगन समाज भवन एवं विश्वकर्मा गुड़ी का लोकार्पण

उद्घाटन किया। इस गरिमामयी अवसर पर ग्राम पंचायत करपावंड में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विधायक के आगमन पर ग्रामीणों ने बस्तर की समृद्ध परंपरा और संस्कृति का परिचय देते हुए ढोल-नगाड़ों, पुष्पमालाओं एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी भतरा समाज भवन का निर्माण 8 लाख रुपये की लागत से, सामुदायिक भवन का निर्माण 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से, देवांगन समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण तथा विश्वकर्मा गुड़ी का निर्माण 5 लाख रुपये की लागत से किया गया है। वहीं करपावंड में देवांगन समाज के लोगों के लिए भी सामुदायिक भवन का दिया गया था जिसकी लागत राशि 5.50 लाख रूपये रहा। इन भवनों के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सुदृढ़ मंच प्राप्त होगा। आदिवासी भतरा समाज भवन समाज के लोगों के लिए एक संगठित केंद्र के रूप में कार्य करेगा, वहीं देवांगन समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन उनके सामाजिक एवं पारंपरिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा सामुदायिक भवन गांव के सभी वर्गों के लिए उपयोगी रहेगा तथा विश्वकर्मा गुड़ी के निर्माण से समाज की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत को नई मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों एवं समाज प्रमुखों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव के सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास कार्य पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान सरपंच लखमू राम, ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, भतरा समाज संभाग अध्यक्ष रतन कश्यप, मनीराम कश्यप, सामोराम, जयमन देवांगन कामता प्रसाद, सोमनाथ, ललिता देवांगन, फगनू, दयो देवांगन, प्रमिला दुग्गा, सुरेंद्र कश्यप, फूलो नाग, जेमावती कश्यप, अंजू कश्यप, मुरलीधर नेताम, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आनापान ध्यान शिविर हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक स्थित जावांगा के आस्था विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय आनापान ध्यान शिविर आयोजित किया गया। गौरतलब है कि यह विद्यालय एनएमडीसी के सीएसआर के अंतर्गत संचालित है तथा अटल एजुकेशन सिटी में स्थापित है।

इस शिविर में कुल 50 विद्यार्थियों (14 बालक एवं 36 बालिकाएँ) ने भाग लिया। बच्चों को आनापान ध्यान की सरल एवं व्यावहारिक विधि सिखाई गई, जिसके माध्यम से वे अपने श्वास पर ध्यान केंद्रित कर मन को शांत एवं एकाग्र बना सकते हैं। आनापान ध्यान बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता और आत्म-नियंत्रण को बढ़ाने में अत्यंत सहायक है। इससे उनकी पढ़ाई में रुचि बढ़ती है, स्मरण शक्ति मजबूत होती है तथा तनाव और चिंता में कमी आती है। शिविर का संचालन पीके नंदी सर एवं सीमा जांबुलकर मैडम द्वारा किया गया।

उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने ध्यान का अभ्यास बड़ी उत्सुकता और अनुशासन के साथ किया। आगामी समय में इस प्रकार के ध्यान शिविर अन्य विद्यालयों में भी आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

# वार्ड 17 में 5.90 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



वार्ड नंबर 17 में विकास कार्यों को गति देते हुए पार्षद ए अनिल के घर के पीछे से रेलवे वेलकम गेट तक लगभग 100 मीटर लंबी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 5.90 लाख रुपये निर्धारित है। इस

■ जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी

अवसर पर भूमि पूजन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी, पार्षद ए अनिल, लीना सोनी, गायत्री साहू, अनील कुमार, राजस्व निरक्षक मनराखन ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राजी सहित क्षेत्र के नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं जैसे नाली, सड़क एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस नाली निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और स्वच्छता में भी सुधार आएगा।

वार्ड पार्षद ए अनिल ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य लंबे समय से क्षेत्र की आवश्यकता थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नाली निर्माण से बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी और आसपास का वातावरण भी स्वच्छ बना रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि वार्ड के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले समय में अन्य आवश्यक कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे वार्ड का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

### अब नागरिक खुद भर सकेंगे अपनी जानकारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तारतम्य में 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना की प्रक्रिया की शुरूआत हुई है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने स्व-गणना के तहत स्वयं अपनी जानकारी दर्ज की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले वासियों से अपील की है कि इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी जानकारी स्वयं भरकर जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभाएं। राज्य में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर दिया गया है। स्व-गणना के लिए se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर आसानी से विवरण भरा जा सकता है। कलेक्टर ने कहा है कि यह पहल जनगणना प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और अधिक विश्वनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे लोग अपनी सही और पूरी जानकारी स्वयं साझा कर सकेंगे।

# नन्हें हाथों ने बनाए मिट्टी के बर्तन और सुधारें बिजली के खराब उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के स्कूली छात्रों की प्रतिभा और उनके तकनीकी कौशल को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर

■ बच्चों ने व्यावसायिक मेला में दिखाया हुनर

माध्यमिक विद्यालय कन्या क्रमांक-2 के परिसर में व्यावसायिक मेले का आयोजन किया गया।

समग्र शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम ने शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उसे कौशल और रोजगार से जोड़ने की रपहल की गई। कलेक्टर आकाश छिकारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में इस मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रदर्शित स्टॉल्स पर छात्र मिट्टी के बर्तन बनाने की कला में रमे नजर आए। वहीं नन्हे हाथों से बिजली के खराब उपकरणों को सुधारने का तकनीकी कौशल भी देखने को मिला। इसके साथ ही बागवानी, सिलाई, कंप्यूटर वर्क और पाक कला जैसे क्षेत्रों में बच्चों की दक्षता ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हस्तशिल्प के क्षेत्र में बस्तर की पारंपरिक कला और आधुनिक सोच का संगम विशेषता रही। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल और जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे ने बच्चों के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से छात्र न केवल अकादमिक रूप से सशक्त होंगे बल्कि भविष्य में एक आत्मनिर्भर और स्वावलंबी नागरिक बनकर उभरेंगे।

# कांग्रेस देश की महिलाओं का अधिकार छीनने की अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा जनता पार्टी महिला मोर्चा ने रविवार को नारीशक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस व विपक्षी दल के खिलाफ गुरूनानक चौक में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए उसे महिला विरोधी करार दिया। भाजपा नेत्रियों ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर जमकर प्रहार

■ भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

करते हुए कहा कि कांग्रेस की दृष्टि व सोच में देश की महिलायें उनके लिए वोट बैंक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिये नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाया गया था। जिससे मातृशक्तियों का उनका सम्मान व अधिकार मिलता। लेकिन महिलाओं के प्रति विरोध की मानसिकता रखने वाली कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ उसे रोकने का कृत्य किया है। किसी का अधिकार छीनना अपराध की श्रेणी में आता है और कांग्रेस ने महिलाओं का अधिकार छिनने व रोकने का अपराध किया है। भारत की मातृशक्तियां, माता, बहन, बेटियां कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगी। कांग्रेस को इसका दण्ड चुकाना होगा। कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा समूचे देश के सामने उजागर हो गया है। धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, उपाध्यक्ष ललिता बघेल, रामकुमारी यादव, सफीरा साहू, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, मीना साहू, गीता नाग, माधवी मण्डल ने संबोधित किया। संचालन महिला मोर्चा महामंत्री पूनम सिन्हा व आभार प्रदर्शन उर्मिला गोयल ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कुसुम परिहार, आशा साहू, रेखा सिंह, उमा मिश्रा, नीलम यादव, गिरिजा गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अंजू राय, राधा बघेल ,रेखा नाग, शकुंतला कश्यप, प्रीति कौर, रक्षिका, रौशनी नाग, रजनीश पाणिग्रही,परीसराम बेसरा, आर्येंद्र आर्य, सुब्रतो विश्वास, प्रकाश झा, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेयी, संजय चंद्राकर, दिगम्बर राव, निर्मल पाणिग्रही समेत अन्य मौजूद रहे।

# पूर्ण परमात्मा की भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव : संत रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के ब्लॉक दरभा के ग्राम पंचायत चिंगपाल में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। सत्संग का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर लोगों को शास्त्रों के अनुसार सच्ची भक्ति का मार्ग दिखाना रहा। संत रामपाल महाराज ने अपने अमृत प्रवचनों में बताया कि वर्तमान में अधिकांश लोग अंधविश्वास और आडंबरों में फंसे हुए हैं, जिससे उन्हें वास्तविक आध्यात्मिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति वही है जो हमारे पवित्र धर्मग्रंथों जैसे भगवतगीता, चारों वेद गुरू ग्रंथ साहेब, बाइबल और कुरान के अनुसार की जाए। उन्होंने प्रमाणों के आधार पर समझाया कि पूर्ण परमात्मा की भक्ति करने से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम के दौरान संत ने समाज में व्याप्त नशाखोरी, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा जैसी बुराइयों को त्यागने का संदेश दिया और सभी को एक सच्चे मानव बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति से व्यक्ति के जीवन में शांति, सुख और समृद्धि आती है तथा उसका नैतिक स्तर भी ऊंचा होता है। इस अवसर पर संत के अनुयायियों द्वारा निशुल्क नाम दीक्षा तथा धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया गया। जिससे लोगों को सतभक्ति की सही जानकारी प्राप्त हो सके। सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संत के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेवादार गणपत सेठिया, जगदीश दास, जयपाल सेठिया, दिनेश नाग, धरम बघेल, रामचंद नाग, पाकलू नाग, वनवासी बघेल, सहादेव बघेल, गरुड़ मौर्य, पिलूराम लेखामी, उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 202604201500014 / ब-121/ 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/116 / न.पा. / भ.नि.शा. / 2026 कोण्डागांव दिनांक 07.04.2026 के अनुसार आवेदक श्री मंगलराम देवांगन पिता श्री मधु देवांगन जाति कोष्टा निवासी-बड़ेजामकोटपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव, (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-बड़ेजामकोटपारा स्थित भूमि शीट नम्बर-01 भूखण्ड क्रमांक 356/8 क्षेत्रफल 3101 वर्गफीट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में मंगलराम पिता मधु कोष्टा के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 3101 वर्गफीट भूमि में से भू-तल में क्षेत्रफल 975 वर्गफीट एवं प्रथम तल में क्षेत्रफल 975 वर्गफीट पर आवासीय प्रयोजन हेतु भवन निर्माण करने अनापत्ति प्रमाण-पत्र नक्शा, खसरा, रजिस्ट्री एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को भूमि सत्यापन एवं निर्माण कार्य हेतु अभिमत / अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 27 / 04 / 2026 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 09/अ-89 (13)/ अविअ (रा)/2025-26
ग्राम नियानार प.ह.नं. 01 तह. नानगूर

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा ग्राम नियानार प.ह.न. 01 तह नानगूर के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री ज्योतिश्वर कुरूप पिता स्व. टी. व्ही. मोहन द्वारा ग्राम नियानार में स्थित भूमि खसरा नं 113/2 रकबा 1.460 हेक्टेयर में कालोनी विकास अनुमति हेतु बंधक हेतु प्रस्तावित भूखण्ड 01, 02, 18, 31,44 45, 47, LIG-05, LIG-06 क्षेत्रफल 1378.70 वर्गमीटर जोकि कालोनी के आंतरिक एवं बाह्य विकास कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात विमुक्त किये जायेगे तथा नियम 15 के उपनियम 02 के अध्यधीन कालोनाइजर के विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### विशेष शिविर में 62 श्रमिकों का पंजीयन



**जगदलपुर।** विकासखण्ड दरभा के ग्राम करका में सोमवार को श्रम विभाग का विशेष पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सुबह से ही ग्रामीण अपने दस्तावेज लेकर पहुंचने लगे थे। दिनभर चली इस प्रक्रिया के दौरान कुल 62 श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण किया गया। जो अब सीधे तौर पर शासन की कल्याणकारी योजनाओं के पात्र बन गए हैं। श्रम पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर में असंगठित क्षेत्र के 29 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। वहीं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत 33 श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण कार्य किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि इन कार्डों के माध्यम से उन्हें भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### उप-निर्वाचन में रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

**जगदलपुर।** नगरीय निकाय उप-निर्वाचनों की घोषणा के साथ ही बस्तर जिले में निर्वाचन संबंधी तैयारियां शुरू हो गई हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आदेश जारी करते हुए नगर पालिक निगम के अंतर्गत रिक्त वार्ड क्रमांक-16 में पार्षद पद के चुनाव को संपन्न कराने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के अनुसार वार्ड क्रमांक-16 के लिए अपर कलेक्टर चन्द्रिका प्रसाद बघेल को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जो संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया के पर्यवेक्षण और सफल क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे। उनके सहयोग के लिए सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख बृजभूषण देवांगन को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के सुसंगत प्रावधानों के तहत की गई हैं, ताकि मतदान से लेकर मतगणना तक की प्रक्रिया संपन्न किया जा सके।

### महिला आरक्षण : आज कांग्रेस की पत्रकारवार्ता

**धमतरी।** महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 20 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे राजीव भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**नगरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को साहू सदन नगरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय धमतरी एवं सीएचसी नगरी के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक रक्तदाता को विशेष गिफ्ट सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में चन्द्रभान साहू, दीपेश साहू, विकास साहू, दीपक साहू, पुनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, थानसिंग साहू, तुकेश्वर साहू, योगेश साहू जुटे हुए हैं। यह जानकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव योगेश साहू, उपाध्यक्ष रोशन साहू ने दी है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 9 मई से

**धमतरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष भी 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 9 मई से 8 जून तक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। शिविर में ओलंपिक, एशियन गेम्स एवं कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि प्रतिभागियों को उच्च स्तर की खेल जानकारी और प्रशिक्षण मिल सके। इस पहल से न केवल खिलाड़ियों की कौशल क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि जिले में खेल का माहौल भी मजबूत होगा।

# शतरंज में सालिक नवाज प्रथम रहे, मिला 11 हजार नगद इनाम

## पुलिस कप्तान ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

द चेस नेशन द्वारा निर्मल विद्यालय में आयोजित शतरंज चैम्पियनशिप का समापन हुआ। जिसमें बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, सुकमा, कोंटा, कोंडागांव और बीजापुर सहित विभिन्न शहरों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। ओपन वर्ग में सालिक नवाज मणिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम आकर 11000 का नगद पुरस्कार प्राप्त किया । रूपेश कुमार मिश्रा 7500 रूपए द्वितीय तथा यशद बंबेश्वर 5100 रूपए तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा टॉप 10 में मयंक सोनारे, खिलेंद्र साहू, सागर बघेल, रूपेश कुलमित्रा, आदित्य जैन, जयसिंह कश्यप और गर्व खन्ना ने भी बेहतरीन खेल दिखाया।

▪ महिला वर्ग में अलंक्रुता रही अव्वल

महिला वर्ग में अलंक्रुता मोहराना ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-15 वर्ग में मयंक श्रीवास्तव विजेता रहे, जबकि एजिकियल सारविन एक्का द्वितीय और अर्थवा मेश्राम तृतीय रहे।

बालिका वर्ग में आयुषी राठी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-11 वर्ग में आयांश दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वेदांत शुक्ला द्वितीय तथा सिद्धार्थ राव कढाओ तृतीय रहे। बालिका वर्ग में बृष्टि साहा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ओपन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 11,000, द्वितीय को 7,500 तथा तृतीय को 5,100 की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। साथ ही टॉप 10 खिलाड़ियों को भी नगद पुरस्कार दिए गए। अंडर-15 एवं अंडर-11 वर्गों में भी नगद पुरस्कार वितरित किए गए तथा सभी वर्गों में सर्वश्रेष्ठ बालिका खिलाड़ी को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। निर्मल विद्यालय के प्राचार्य फादर बिजू ने टूनार्मेंट को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस आयोजन के प्रमुख आयोजक अनन्य मिगलानी, उमर रिजवी और अनन्य पांडेय रहे।

## महिला को कई महीनों से पेट बड़ा और दर्द होने की थी शिकायत


# सर्वाइकल फाइब्रॉयड ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के कुशल निर्देशन एवं केएल नागवेणी, उप महाप्रबंधक के मार्गदर्शन से परियोजना चिकित्सालय अपनी उत्तम सुविधाओं से कर्मचारियों और आसपास के आदिवासी ग्रामीणों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान कर रहा है। 20 अप्रैल को किरंदुल के अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी को अंजाम देते हुए महिला

▪ मरीज के पेट से लगभग 4 किलोग्राम का था ट्यूमर

मरीज के पेट से लगभग 4 किलोग्राम सर्वाइकल फाइब्रॉयड (ट्यूमर) सफलतापूर्वक निकाला। महिला को पिछले कई महीनों से पेट बड़ा और दर्द होने की शिकायत थी। मरीज ने परियोजना चिकित्सालय में डॉक्टरों से परामर्श लिया। तत्पश्चात डॉक्टरों ने जांच और स्कैन में पाया कि मरीज के पेट में एक विशाल सर्वाइकल फाइब्रॉयड (ट्यूमर) मौजूद है, जो न सिर्फ



उनके सामान्य जीवन को प्रभावित कर रहा था, बल्कि अन्य अंगों को भी नुकसान पहुंचा सकता था। डॉ.एमवी लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में एक सर्जरी टीम गठित की गई। जिसमें डॉ.मनीषा लाल, वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ.अजय कुमार, निश्चेतना, मेल नर्स रोमिया मसीह एवं ऑपरेशन थियेटर इंचार्ज निर्मला पटेल मुख्य रूप से शामिल थे। मरीज को ऑपरेशन थियेटर में पेट में मौजूद एक विशाल सर्वाइकल फाइब्रॉयड (ट्यूमर) को सफलतापूर्वक निकाला और मरीज को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। सर्वसुविधायुक्त परियोजना चिकित्सालय में लेप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी, फेको सर्जरी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेंट लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ.एमवी लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन से प्रतिदिन 600 से 700 मरीजों को ओपीडी में इलाज, प्रत्येक माह लगभग 1600 से अधिक मरीजों को भर्ती कर भोजन सुविधा एवं सालाना लगभग 900 डिलीवरी के मामले सफलतम निपटाते हुए उनका इलाज किया जाता है।

# मां सती माता जात्रा में धार्मिक संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रानमुण्डा सोनारगुड़ी स्थित मां आदि शक्ति सती माता मंदिर में दो दिवसीय जात्रा पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर में दूर-दराज गांवों से आए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। जहां हर ओर भक्ति, परंपरा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शनिवार को प्रातः 10 बजे माता के श्रृंगार स्नान एवं घी-सिंदूर से चोला चढ़ाने के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात फूलों से श्रृंगार, वस्त्र अलंकरण, आव्हान एवं परिक्रमा जैसे धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। दोपहर में भंडारा एवं प्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सायंकाल हवन-पूजन के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा।

दूसरे दिन रविवार को पूजा-अर्चना, श्रृंगार एवं परिक्रमा का सिलसिला जारी रहा। दोपहर में भंडारा आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दिन का प्रमुख आकर्षण बली पूजन रहा जो दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक सम्पन्न हुआ। देवी-देवताओं की विदाई के साथ समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न गांवों से पहुंचे देव विग्रहों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने ढोल, नगाड़े, शहनाई और झांझ जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों से पूरे मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया।

# मुरिया समाज की बैठक में विकास के साथ शिक्षा के महत्व व एकता पर चर्चा

## समाज के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना जरूरीः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुरिया समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन केशलूर में किया गया था जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

▪ केशलूर में आयोजित बैठक में समाज से जुड़े मुद्दो पर की गई चर्चा

बैठक के दौरान मुख्य वक्ता चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और समाज की एकता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना जरूरी है।

इस अवसर पर युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के लोगों के बीच सहयोग की भावना मजबूत करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मौजूद लोगों ने भी अपने विचार रखे और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कुछ आवश्यक निर्णय लिए





गए ताकि समाज के कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मुरिया सामाजिक भवन का उद्घाटन 24 अप्रैल को किया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर सदस्यों के बीच जिम्मेदारियां तय की गईं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई।

इस बैठक में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के अलावा पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, मुरिया समाज के जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र मौर्य, सचिव सामूराम मौर्य, ब्लाक अध्यक्ष गिरधर कश्यप ब्लाक सचिव कामदेव बघेल, जिला पंचायत सदस्य पद्मनी कश्यप के अलावा समाज प्रमुख बलराम मौर्य, आयतु राम कश्यप, कोटवार प्रमुख चुम्मन सिंह मौर्य व मिडिया प्रभारी सुधीर कश्यप समेत बड़ी संख्या में मुरिया समाज के सदस्य मौजूद थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया अक्ति तिहार



**गीदम।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत गीदम स्थित कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में अक्ति तिहार अक्षय तृतीया का पर्व पारंपरिक उत्साह एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के प्रगतिशील किसानों एवं कृषक समूहों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चना के साथ की गई, जिसके पश्चात कृषि कार्यों की समृद्धि हेतु नवीन बीजों की बुआई प्रतीकात्मक रूप से की गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने किसानों को अक्ति तिहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पर्व कृषि कार्यों की शुभ शुरुआत का प्रतीक है और इस दिन बोए गए बीजों को शुभ माना जाता है। कार्यक्रम में जिला उप संचालक कृषि, दंतेवाड़ा सूरज कुमार पंसारी ने किसानों को संबोधित करते हुए उर्वरकों की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही किसानों को नील-हरित काई के उपयोग एवं लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई, जो धान की खेती में मृदा उर्वरता बढ़ाने में सहायक होती है।

## 25 अप्रैल की बैठक में तय होगी आर-पार की रणनीति

# बस्तर में खंडपीठ अब मांग नहीं अधिकार की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में हाई कोर्ट की खंडपीठ की मांग अब केवल एक मांग नहीं, बल्कि अधिकार की लड़ाई बन चुकी है। आदिवासी बाहुल्य और दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से वर्षों से यह आवाज उठती रही है। बस्तर बार एसोसिएशन के नेतृत्व में लंबे समय से यह संघर्ष जारी है, लेकिन अब यह आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है।

▪ व्यापारिक संगठनों का मिला समर्थन

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य झा ने स्पष्ट किया कि बस्तरवासियों की यह मांग वर्षों पुरानी है लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे में अब आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन की जरूरत है ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

सोमवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में प्रेसवार्ता में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने ऐलान किया कि खंडपीठ की मांग के समर्थन में चेम्बर पूरी ताकत से खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास से जुड़े हर मुद्दे पर चेम्बर ने हमेशा नेतृत्व किया है और इस बार भी पीछे नहीं हटेगा।




उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को चेम्बर भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। जिसमें सभी सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक, परिवहन और कर्मचारी संगठनों को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी जिससे इस मुद्दे को निर्णायक दिशा दी जा सके। प्रेसवार्ता में चेम्बर उपाध्यक्ष विमल बोथरा, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अवधेश झा, सचिव संतोष चौधरी व वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा उपस्थित थे।

### खंडपीठ की मांग का निर्णायक समय

अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर में जब 1956 में जबलपुर हाई कोर्ट की स्थापना हुई। तभी से बस्तर में खंडपीठ की मांग उठने लगी थी। वर्षों से विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आया। बिलासपुर में हाई कोर्ट की स्थापना के बाद यह मांग और तेज हुई, परंतु आज तक इसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया। वर्तमान स्थिति यह है कि दक्षिण बस्तर के भोपालपट्टनम और कोंटा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से पक्षकारों को 500 से 700 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती है जिससे समय और आर्थिक संसाधनों का भारी नुकसान होता है।

### जनप्रतिनिधियों का नैतिक समर्थन

विक्रमादित्य झा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से इस मुद्दे पर चर्चा की गई है, सभी ने नैतिक समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि विधायक किरण सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद हुआ है। सभी से अपील की गई है कि 25 अप्रैल को चेम्बर भवन में आयोजित बैठक में शामिल होकर इस जनहित के मुद्दे को मजबूत करें।

# अग्नि दुर्घटनाओं से बचाने जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरसेना कार्यालय में सोमवार को 14 अप्रैल से चल रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन मॉक ड्रिल से करते हुए जागरूकता का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर

▪ विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर सीपी बघेल उपस्थित रहे। सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर अग्नि सुरक्षा एवं बचाव कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा मॉक





ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को आगजनी जैसी आपात स्थिति में सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए तथा नगर सेना के जवानों को उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया।

सेनानी संतोष कुमार मार्बल ने बताया कि सप्ताह भर चले इस अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 14 अप्रैल को 238 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। 15 अप्रैल को स्कूली बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता, 16 अप्रैल को रंगोली प्रतियोगिता तथा 17 अप्रैल को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 18 अप्रैल को नोटिस पर निरीक्षण की कार्रवाई की गई वहीं 19 अप्रैल को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पंपलेट वितरण कर आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन का समापन 20 अप्रैल को नगर सेना कार्यालय जगदलपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागियों को सबोंधित करते हुए अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किए गए जागरूकता प्रयासों की सराहना करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

